आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–15 सितम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रांची हवाई अड्डे से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टाटा नगर – पटना सहित छह वंदेभारत रेलगाडियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले इन रेल गाडियों को जमशेदपुर से रवाना करने का कार्यक्रम निर्धारित था। इन रेलगाड़ियों में देवघर को वाराणसी से जोड़ने वाली वंदे भारत ट्रेन भी शामिल है। यह ट्रेन देवघर से चल कर आज रात में वाराणसी पहुंच जाएगी।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जन सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वंदेभारत रेलगाडियों के चलने से झारखंड और पड़ोसी राज्यों सहित देश के पूर्वी क्षेत्रों में आर्थिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में तेजी आएगी।

कल ही आगरा कैंट से वाराणसी के लिए एक अन्य वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रस्तावित है। यह ट्रेन कल शाम वाराणसी पहुंचेगी, जहां इसके स्वागत की तैयारियां की जा रही हैं।

****

गोरखपुर में महंत दिग्विजयनाथ की पचपनवीं और महंत अवेद्यनाथ की दसवीं पुण्यतिथि सप्ताह समारोह के तहत आज **लोकतंत्र की जननी है भारत** विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि लोकतंत्र के संस्कार पांच हजार वर्ष पुराने भारतीय मूल्यों से गढ़े गये हैं। सही मायने में भारतीय मूल्यों और संस्कारों से ही लोकतंत्र चल रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति प्राचीन काल से लेकर अर्वाचीन काल तक लोकतांत्रिक मूल्यों से परिपूर्ण रही है।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में हुए जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का स्थायी समाधान निश्चित समयावधि में किया जाए। साथ ही उनका फीडबैक भी अवश्य लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने आज बहराइच जाकर भेड़िया पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की।

****

प्रदेश के मेरठ जिले के लोहिया नगर थानाक्षेत्र के जाकिर कॉलोनी में कल शाम तीन मंजिला इमारत गिरने से उसके मलबे में दब तक 10 लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पुलिस, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सहयोग से शुरू हुआ राहत और बचाव अभियान आज सुबह पूरा कर लिया गया । दुर्घटना में घायल पांच लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। मृतकों में एक छोटी बच्ची और दो किशोर भी शामिल हैं। मेरठ के जिला मजिस्ट्रेट दीपक मीना ने बताया कि घटना के वक्त इमारत में पंद्रह लोग मौजूद थे। प्रभावित परिवारों को दैवीय आपदा मद से प्रति मृतक चार लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है।

****

प्रदेश सरकार ने एक दर्जन से अधिक पीसीएस अधिकारियों के तबादले कर दिये हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में भी नये पीसीएस अधिकारी तैनात किये गये हैं। महेंद्र कुमार श्रीवास्तव को राज्य चीनी निगम मुंडेरवा का एमडी बनाया गया है। वाराणसी मंडल के आयुक्त पद की जिम्मेवारी राकेश कुमार गुप्ता को, जबकि अतिरिक्त आयुक्त पद की जिम्मेवारी सुभाष चंद्र यादव को मिली है। अजय कुमार तिवारी वाराणसी जिले के सीआरओ बनाये गये हैं। शमशाद हुसैन को आजमगढ़ मंडल के अपर आयुक्त पद पर तैनाती मिली है।

****

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में गन्ने की उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के लिए ग्यारह हजार नौ सौ चौबीस कुंतल बीज आवंटित किया गया है। कुशीनगर जिले के गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ सुभाष सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोरखपुर, देवरिया, महराजगंज, बस्ती, सिद्धार्थनगर, मऊ, बलिया, आजमगढ़, गोंडा, बलरामपुर और बहराईच समेत कुल बारह जिलों के लिए यह बीज आवंटित हुए हैं। इनमें शीघ्र पकने वाली गन्ने की चार प्रजातियां भी शामिल हैं।

****

पिछले दिनों हुई बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, बस्ती, बलिया, बहराइच और गोंडा समेत प्रदेश के कुल अठारह जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। इस बीच आज प्रदेश के कई जिलों में हल्की से लेकर मध्यम और कहीं कहीं तेज वर्षा भी हुई। गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में दिन में थोड़ी देर के लिए बादल छाये, हांलाकि दिन का मौसम साफ रहा। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के भीतर प्रदेश में मध्यम से तेज वर्षा का अनुमान जताया है।

****

भदोही से सपा विधायक जाहिद जमाल बेग और उनकी पत्नी सीमा बेग के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहां की पुलिस अधीक्षक डॉ मीनाक्षी कात्यायन के अनुसार किशोर युवतियों से उनकी इच्छा के विरुद्ध घरेलू कार्य करवाने और इन परिस्थितियों से तंग आकर एक युवती द्वारा आत्महत्या करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। विधायक और उनकी पत्नी पर आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धाराओं समेत कई अन्य धाराओं में अभियोज पंजीकृत हुआ है।

****